Page No. ______
Date

# : उपयोगितावाद :

इस शब्द को प्रचलित करने का श्रेय विलियम जेम्स को है। अत: हम जब जेम्स के विचारों का विवरण देंगे, तब पुन: उपयोगितावाद की उन विशिष्टताओं का उल्लेख करेंगे, जिन्हें जेम्स ने उभारा है। अभी हम इसका सामान्य अर्थ समझने की चेष्टा करेंगे।

जेम्स ने स्वयं कहा कि 'प्रैगमेटीज्म' शब्द ग्रीक शब्द 'प्रैगमा' से निकला है जिसका अर्थ होता है 'व्यवहार' तथा 'उपयोगिता'। उन्होंने यह भी स्वीकारा है कि इस शब्द का उपयोग सर्वप्रथम चार्ल्स सैण्डर्स पर्स ने किया था। पर्स ने कहा था कि हमारे सभी विश्वास कार्य करने के साधन - नियम हैं, अत: किसी विचार के अर्थ को समझने के लिए हमें यह देखना है कि वह किस प्रकार के आचरण - व्यवहार को जन्म दे रहा है। पर्स के इस विचार का विशद विवेचन

Page No.
Date

हम बाद में करेंगे, किन्तु, जेम्स की पर्स के इन्हीं विचारों में उपयोगितावाद का उद्भव दिखाई देता है। इस बात पर भी अन्य विचारक जेम्स से सहमत नहीं हैं, किन्तु इतना अवश्य कहा जा सकता है कि जो विचार 'व्यवहार', 'कर्म', 'आचरण' आदि पर जोर देता है, वह उपयोगितावादी हो जाता है। यह और बात है कि 'व्यवहार' पर अत्यधिक जोर देने के फलस्वरूप ही जेम्स 'प्रयोजन', उपयोगिता आदि पर चला जाता है।